तापमान
अधिकतम 45 .4 डिग्री
न्यूनतम 22 .3 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार 29 मई 2026

12 अंबाला के उज्ज्वल भविष्य के लिए एतिहासिक...



12 इंसानियत व मोहब्बत का संदेश देता है ईद-उल-...



## खबर संक्षेप

### जिला न्यायालय में रक्तदान शिविर 30 को

**कुरुक्षेत्र।** समाज सेवा एवं मानवता की भावना को समर्पित एक रक्तदान शिविर का आयोजन 30 मई शनिवार को जिला न्यायालय कुरुक्षेत्र स्थित पुस्तकालय में किया जाएगा। शिविर प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक चलेगा। आयोजकों ने बताया कि रक्तदान महादान है और एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन दे सकता है। उन्होंने कहा कि जरूरत के समय रक्त की उपलब्धता किसी मरीज के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। रक्तदान शिविर में भाग लेने वाले रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन भी किया जाएगा।

### आधुनिक कृषि यंत्रों पर भारी अनुदान देने की योजना

**पानीपत।** हरियाणा सरकार द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन को बढ़ावा देने तथा पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से किसानों के लिए आधुनिक कृषि यंत्रों पर भारी अनुदान देने की योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत किसानों को व्यक्तिगत श्रेणी में कृषि यंत्रों पर 50 प्रतिशत तक अनुदान प्रदान किया जाएगा। योजना के लिए विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिसकी अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित की गई है। उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही यह योजना किसानों के हित में बेहद महत्वपूर्ण है।

### पहलवानों की मांग पर उपलब्ध करवाए पंखे

**उचाना।** कापड़ो गांव के शहीद उधम सिंह खेल स्टेडियम में पहलवानों के लिए चार दीवार वाले पंखे जियोनिक्स वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा ये पंखे भेंट किए। संस्था डायरेक्टर गिरिश जैन कापड़ो ने बताया कि गर्मी के मौसम में पहलवान अभ्यास करते थे तो उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता था। पहलवानों की मांग पर संस्था द्वारा चार मांऊटींग पंखे भेंट किए ताकि पहलवानों को अभ्यास में परेशानी न हो। संस्था द्वारा निरंतर समाज सहित के कार्य किए जा रहे है।

---

### परिजनों ने डॉक्टरों पर लगाया लापरवाही बरतने का आरोप

# यमुनानगर: निजी अस्पताल में सिजेरियन ऑपरेशन के बाद महिला की जान गई

**पुलिस ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को समझा कर किया शांत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

शहर के रेलवे रोड स्थित एक निजी अस्पताल में सिजेरियन ऑपरेशन के बाद एक महिला बैंक कर्मचारी की मौत हो गई। इस दौरान परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया। मृतका के परिजनों ने अस्पताल प्रशासन और डॉक्टर पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले को शांत कराने का प्रयास किया। मृतका की पहचान 28 वर्षीय एकता पत्नी चिराग अरोड़ा निवासी आजाद नगर के रूप में हुई है। एकता दिल्ली में एचडीएफसी बैंक में कैशियर के पद पर कार्यरत थी।

मृतका की मासी सास प्रतिभा ने बताया कि उसके भांजे चिराग अरोड़ा का दिल्ली और यमुनानगर में कार एसेसरीज का कारोबार है। करीब एक वर्ष पहले चिराग और एकता की शादी हुई थी। शादी के बाद दोनों दिल्ली में रह रहे थे, लेकिन गर्भावस्था के चलते करीब दो



**यमुनानगर।** आजाद नगर निवासी मृतका एकता का फाइल फोटो। फोटो: हरिभूमि

माह पहले एकता अपने ससुराल आजाद नगर आकर रहने लगी थी। उसका इलाज रेलवे रोड स्थित निजी अस्पताल में चल रहा था। उसने बताया कि बुधवार को डिलीवरी के लिए एकता को अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। उस समय उसकी हालत सामान्य थी और उसे लेबर पेन भी शुरू नहीं हुआ था। आरोप है कि डॉक्टरों ने उसे इंजेक्शन लगाए, जिसके बाद उसे तेज दर्द शुरू हो गया और हालत बिगड़ने लगी। इसके बाद डॉक्टरों ने सिजेरियन ऑपरेशन करने का फैसला लिया।

उसने बताया कि सुबह करीब साढ़े दस बजे ऑपरेशन हुआ और एकता ने एक बच्ची को जन्म दिया। उनका कहना है कि ऑपरेशन के बाद डॉक्टरों ने मां और बच्ची दोनों को स्वस्थ बताया था। हालांकि दोपहर करीब तीन बजे डॉक्टरों ने परिवार को बुलाकर बताया कि एकता का ब्लड प्रेशर लगातार ऊपर-नीचे हो रहा है और अत्यधिक ब्लीडिंग हो रही है। इसके बाद अस्पताल प्रशासन ने एकता को मोहाली रेफर करने का निर्णय लिया। परिजनों का आरोप है कि मरीज की हालत गंभीर होने के बावजूद अस्पताल प्रशासन ने उसे रेफर करने में करीब डेढ़ घंटे से अधिक का समय लगा दिया। जब वह एकता को एंबुलेंस के जरिए मोहाली स्थित फोर्टिज ले जा रहे थे तो थाना छप्पर के पास पहुंचते ही उसकी रास्ते में मौत हो गई। इसके बाद परिजन शव को वापस उसके ससुराल लेकर पहुंचे।

#### अस्पताल प्रशासन ने किया अभद्र व्यवहार

*अस्पताल प्रशासन ने किया अभद्र व्यवहार परिजन एकता के इलाज से संबंधित दस्तावेज लेने अस्पताल पहुंचे। परिजनों ने डॉक्टरों से लापरवाही को लेकर सवाल किए तो वहां विवाद हो गया। उनका आरोप है कि अस्पताल प्रशासन ने उनसे अभद्र व्यवहार किया। विवाद बढ़ने पर सिटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने परिजनों को समझा कर शांत किया। बाद में पुलिस ने मामले में कार्रवाई शुरू कर दी।*

#### क्या कहते हैं डॉक्टर

*अस्पताल की डॉक्टर ममता ने सभी आरोपों को गलत बताया है। उन्होंने कहा कि सिजेरियन ऑपरेशन के बाद मरीज को अत्यधिक ब्लीडिंग हो रही थी। जिसे रोकने के लिए अस्पताल की ओर से हर संभव प्रयास किए गए। परिजनों को मरीज की हालत के बारे में लगातार जानकारी दी जा रही थी। उसने बताया कि मरीज की बच्चेदानी काफी ढीली हो चुकी थी। जिसके कारण ब्लीडिंग नियंत्रित नहीं हो पा रही थी। डॉक्टर ममता ने कहा कि मरीज को रेफर करने से पहले उसकी स्थिति को स्थिर करने के लिए जरूरी उपचार दिया गया था ताकि रास्ते में कोई परेशानी न हो।*

---


# ट्रक के नीचे घुसी बाइक बाइक चालक की मौत

### शाहबाद में ईद के दिन दर्दनाक सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

जीटी रोड पर शाहबाद में ईद के दिन दर्दनाक सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन ली। शाहबाद एरिया में ट्रक के नीचे बाइक घुस गई। इसमें बाइक चला रहे युवक की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी व बेटा घायल हो गए। मृतक की पहचान युसुफ खान निवासी लंडा के रूप में हुई। युसुफ खान जीटी रोड पर पेट्रोल पंप पर सेल्समैन का काम करता था।

आज ईद के मौके पर युसुफ अपनी पत्नी सबरी और बेटा सहबीर के साथ बाइक पर गांव से शाहाबाद आ रहा था। इसी दौरान उनके साथ हादसा हो गया। ट्रक काफी स्पीड से चल रहा था। इसी दौरान ड्राइवर ने एकदम ब्रेक लगा दिए, जिससे ट्रक के पीछे परिवार के साथ आ रहा युसुफ अपनी बाइक को रोक नहीं सका। युसुफ की बाइक ट्रक के नीचे घुस गई। ट्रक उस बाइक को सड़क पर काफी दूर तक घसीटते हुए ले गया। युसुफ बाइक के साथ ही फंस



गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। युसुफ की पत्नी काफी शोर भी मचाया।

शोर-शराबा सुनकर हाईवे पर गुजर रहे लोग तुरंत मदद के लिए दौड़े और पुलिस व एम्बुलेंस को सूचना दी। गंभीर हालत में घायल सबरी और सहबीर को पहले नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें रेफर कर दिया।

युसुफ अपने परिवार के साथ ईद की खुशियां मनाने के लिए घर से निकला था। हादसे ने परिवार की खुशियां मातम में बदल दी। जैसे ही युसुफ खान की मौत की खबर गांव लंडा पहुंची, पूरे गांव में शोक फैल गया। फिलहाल पुलिस ने ट्रक कब्जे में लिया है।

---

### रिकवरी के लिए लिया रिमांड पर

# 57 लाख रुपये की ठगी का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के मुख्य आरोपी को आर्थिक अपराध शाखा ने पंजाब के मोहाली से गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान पेहवा की नंद कॉलोनी निवासी जसविंदर सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर चार दिन के रिमांड पर लिया है।

**विदेश भेजने के नाम पर एक व्यक्ति को लगाया था चूना, न विदेश भेजा न ही राशि वापस की**

***साढ़े तीन साल में ऐंठे 57 लाख रुपये:*** निरीक्षक परमवीर ने बताया कि पटियाला के मोलगढ़ दूधन सांधा गांव के जगीर सिंह ने 7 मार्च को थाना नग्गल में शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप था कि जसविंदर सिंह और उसके साथियों ने जनसुआ गांव में उनके बेटे को विदेश भेजने का झांसा दिया था। आरोपियों ने 2 अगस्त 2024 से 14 जनवरी 2026 के बीच किस्तों में कुल 57 लाख रुपये ठग लिए। रकम ऐंठने के बाद न तो युवक को विदेश भेजा गया और न ही पैसे वापस किए गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच ईओडब्ल्यू को सौंपी गई थी। पुलिस ने सूचना के आधार पर मोहाली के थ्यौरी रिसोर्ट में दबिश देकर मुख्य आरोपी को पकड़ा। रिमांड के दौरान आरोपी से गहन पूछताछ कर ठगी की रकम बरामद की जाएगी और गिरोह से जुड़े अन्य सह-आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

---



**इंद्री।** गांव मुरादगढ़ के पास जंगल में लगी आग बुझाते फायर ब्रिगेड के कर्मचारी।

### मुरादगढ़ के पास जंगल में लगी भीषण आग

- **फायर ब्रिगेड ने कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू**

**इंद्री।** इंद्री के गांव मुरादगढ़ के पास जंगल में गुरुवार दोपहर को अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिससे जंगल में खड़े पेड़-पौधे, सूखी झाड़ियां और साथ लगते खेतों में गेंहू के फाने जल गए। इंद्री व लाडवा से फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर कई घंटों की कड़ी में मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इंद्री के मुख्य फायरमैन संजीव कुमार ने बताया कि दोपहर को डायल 112 के माध्यम से सूचना मिली थी कि गांव मुरादगढ़ के जंगल में आग लग गई है। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड के कर्मचारी अर्जुन कुमार, चेतराम और रजनीश मौके पर पहुंचे तो आग जंगल व पास के खेतों में गेहूं के फानों में लगी हुई थी। उन्होंने आग को बुझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन आग के भीषण होने के कारण लाडवा से भी एक फायर ब्रिगेड की गाड़ी मंगवानी पड़ी। कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। उन्होने बताया कि इस आगजनी की घटना में जंगल के कई पेड़ झुलस गए, जबकि खेतों में गेहूं के फाने भी जल गए। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

---

### नन्हेड़ा गांव में युवक की मौत पर विवाद गहराया

# परिजनों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठाए गंभीर सवाल, शव उठाने से किया इनकार

**परिजनों और समाज के लोगों में भारी रोष**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

करनाल जिले के नन्हेड़ा गांव के खेतों में एक युवक का शव मिलने के मामले में विवाद लगातार गहराता जा रहा है। परिजनों और समाज के लोगों में भारी गुस्सा है और वे आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। परिजनों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए पोस्टमार्टम के बाद भी शव उठाने से साफ इनकार कर दिया है।

परिजनों का कहना है कि जब तक पुलिस मौत के कारणों को लेकर स्पष्ट और संतोषजनक जवाब नहीं देती, तब तक अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा। सोनिया तंवर



और अमित तंवर समेत अन्य परिजनों ने पुलिस के इस तर्क पर नाराजगी जताई कि शव धूप में रहने के कारण जला है। परिजनों के अनुसार, शव के चेहरे और शरीर के कई हिस्सों पर तेजाब डाला गया था और नाक व मुंह से खून बह रहा था। इसे देखते हुए परिवार ने हत्या की आशंका जताई है और पुलिस पर सच्चाई छिपाने का आरोप लगाया है।

#### दोबारा होगा पोस्टमार्टम

इन्द्री थाना के एसएचओ राकेश कुमार ने बताया कि करनाल में बोर्ड द्वारा वीडियोग्राफी के साथ पोस्टमार्टम कराया गया था, लेकिन परिजन संतुष्ट नहीं हैं। इसके बाद शव को दोबारा पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई चंडीगढ़ भेज दिया गया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

---

# घरौंडा में विवाहिता ने लगाया फंदा मानसिक रूप से परेशान थी महिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

करनाल जिले के घरौंडा में एक विवाहिता द्वारा संदिग्ध हालातों में फंदा लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। घटना बुधवार सुबह की है जब महिला का शव बंद कमरे में मिला। परिजनों के आने के बाद गुरुवार को पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर शव उन्हें सौंप दिया गया।

मंगलवार की रात को पूरा परिवार गर्मी के कारण छत पर सोया हुआ था। बुधवार सुबह मृतका नीचे कमरे में आई और अंदर से दोनों दरवाजे बंद कर लिए। इसके बाद उसने साड़ी का फंदा बनाकर



आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान 33 वर्षीय अमरावती के रूप में हुई है, जो मूल रूप से यूपी के गोंडा की रहने वाली थी। वह अपने पति सोनू कुमार और दो बच्चियों के साथ करीब 10 दिन पहले ही घरौंडा आई थी। अराईपुरा रोड पर किराए के मकान में रह रही थी। पति सोनू कुमार पीओपी का काम करता है।

---

# तरावड़ी में सुपर स्टोर से 1.5 लाख नकदी चोरी

**तीसरी मंजिल का तोड़ा दरवाजा, सीसीटीवी भी उखाड़ ले गए चोर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी

तरावड़ी शहर के मेन बाजार चौक में स्थित खुराना सुपर स्टोर पर बीती रात अज्ञात चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर दुकान से करीब डेढ़ लाख रुपये की नकदी लेकर फरार हो गए। इतना ही नहीं, सबूत मिटाने के लिए चोर सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर (रिकॉर्डिंग सिस्टम) भी अपने साथ ले गए।

जानकारी के अनुसार, चोरों ने दुकान की तीसरी मंजिल पर बने लकड़ी के दरवाजे को तोड़कर पिछले हिस्से से प्रवेश किया। नीचे आकर सीधे गल्ले को निशाना बनाया और उसमें रखी नकदी पर हाथ साफ कर दिया। सुबह जब





**तरावड़ी।** तीसरी मंजिल का तोड़ा हुआ दरवाजा, सीसीटीवी कैमरे व निकाली गई डीवीडी। फोटो: हरिभूमि

दुकान मालिक हिमांशु खुराना दुकान पर पहुंचे तो उन्होंने दरवाजा टूटा हुआ पाया और गल्ले से नकदी गायब मिली। साथ ही डीवीडी सिस्टम भी वहां से गायब था। दुकान मालिक हिमांशु खुराना ने बताया कि उनका काफी आर्थिक नुकसान हुआ है और उन्होंने पुलिस प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की है। इस घटना के बाद बाजार के अन्य दुकानदारों में भी डर का माहौल है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी तरावड़ी में इसी तरह की चोरी की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिससे सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आसपास लगे अन्य सीसीवीटी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि चोरों का सुराग लगाया जा सके।

---

# थाईलैंड भेजने का झांसा देकर हड़पे साढ़े सात लाख रुपये

**धोखाधड़ी के आरोप में तीन आरोपियों पर केस दर्ज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

शहर की फ्रेंड कॉलोनी निवासी रूपेश कुमार ने तीन युवकों पर उसके ऑफिस का प्रयोग करके लोगों को थाईलैंड भेजने का झांसा देकर साढ़े सात लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

शहर की कमानी चौक स्थित फ्रेंड कॉलोनी निवासी रूपेश कुमार ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका गोविंदपुरी में कार्यालय है। रूपेश कुमार ने बताया कि उसकी विजय डंगवाल, राजीव कुमार व अमित कुमार के साथ दोस्ती थी।

इस दौरान आरोपियों ने उसके ऑफिस में इमीग्रेशन कार्यालय खोल लिया। जहां आरोपियों ने लोगों को थाईलैंड भेजने का झांसा देकर उनसे करीब साढ़े सात लाख रुपये हड़प लिए। उसे जब इस बात की जानकारी मिली तो उसने आरोपियों से बात की। मगर आरोपियों ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया।

---

# युवक को मिलने के बहाने बुलाकर किया तेजधार हथियारों से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

- **पुलिस ने पांच आरोपियों को नामजद करते हुए कुछ अन्य के खिलाफ किया केस दर्ज**

फरकपुर क्षेत्र की सुंदर विहार कॉलोनी निवासी महेश को कुछ साथियों ने उसे मिलने के बहाने बुलाकर उस पर तेजधार हथियारों से हमला कर दिया। हमले में महेश गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद पांच आरोपियों को नामजद करते हुए कुछ अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

सुंदर विहार कॉलोनी निवासी महेश ने फरकपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले समीर व कन्हैया के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। उस समय उसके अन्य दोस्तों ने बीच बचाव कर मामला शांत करवा दिया था। मगर इसके बाद से दोनों आरोपी उससे रंजिश रखने लगे। महेश ने बताया कि 26 की शाम साढ़े सात बजे आरोपियों समीर व कन्हैया ने उसे फोन कर कांसली क्षेत्र में मिलने के लिए बुलाया। जब वह आरोपियों से मिलने के लिए गया तो आरोपियों ने अपने साथी आदित्य, पादी व विनय तथा अन्य के साथ मिलकर उस पर तेजधार हथियारों तथा उस्तरे से हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। शोर सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। उसने घटना की सूचना परिजनों को दी। परिजनों ने मौके पर पहुंचकर उसे अस्पताल में भर्ती करवाया और मामले की सूचना पुलिस को दी।

---

### यमुना बचाओ समिति सदस्यों ने उपायुक्त को सौंपा मांगपत्र

# यमुना नदी में बढ़ रहे प्रदूषण पर अंकुश लगाने की गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

यमुना बचाओ समिति के सदस्यों ने वीरवार को लघु सचिवालय पहुंचकर उपायुक्त को मांगपत्र सौंपा। इस दौरान यमुना नदी में बढ़ रहे प्रदूषण पर अंकुश लगाने तथा नदी को बचाने हेतु आवश्यक कदम उठाने की मांग की गई।

महेंद्र मित्तल के नेतृत्व में समिति सदस्यों ने उपायुक्त से मुलाकात की। साथ ही यमुना के गिरते जल स्तर व बढ़ रही गंदगी पर रोष व्यक्त किया। समिति ने प्रशासन और संबंधित विभागों से नदी को बचाने के लिए तत्काल युद्ध स्तर पर कदम उठाने की पुरजोर मांग की। मांगपत्र में कहा गया कि जल आधारित त्योहार





**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में उपायुक्त से मुलाकात करते यमुना बचाओ समिति सदस्य।

पर स्नान हेतु घाटों पर उचित व्यवस्था की जाए। औद्योगिक इकाइयों व सीवरेज का गंदा पानी सीधे यमुना में न छोड़ा जाए। क्योंकि पर्यावरण अनुकूल जल प्रवाह न होने के कारण इसका प्राकृतिक रूप खतरे में पड़ गया है। सभी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स को पूरी क्षमता से संचालित किया जाए ताकि एक भी बूंद गंदा पानी नदी में न गिरे।

नदी के किनारों पर अतिक्रमण हटाने और सफाई अभियान चलाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। औद्योगिक कचरा सीधे नदी में डालने वाली फैक्ट्रियों पर भारी जुर्माना और कानूनी कार्रवाई हो। समिति सदस्यों ने आम जनता से भी अपील की कि वे यमुना को स्वच्छ रखने में अपना अहम योगदान दें। मौके पर अरूणा कौशिक, माया, संजय मित्तल, विपिन गुप्ता, संदीप गांधी, रमेश चंद आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में संगठन को मिलेगी नई मजबूती : रेणु बाला गुप्ता

**करनाल।** करनाल की महापौर एवं अखिल भारतीय महापौर परिषद की अध्यक्ष रेणु बाला गुप्ता तथा भाजपा के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता ने हरियाणा भाजपा नेतृत्व द्वारा अर्चना गुप्ता को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। दोनों नेताओं ने कहा कि यह नियुक्ति निश्चित रूप से संगठन में नई ऊर्जा, नई दिशा और नई मजबूती का संचार करेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि अर्चना गुप्ता अपने अनुभवी, समर्पित और कर्मठ नेतृत्व के माध्यम से संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य करेंगी तथा प्रत्येक कार्यकर्ता में नया उत्साह और प्रेरणा भरेंगी। उन्होंने कहा कि भाजपा नेतृत्व द्वारा महिला नेतृत्व को अवसर एवं सम्मान देकर एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायक निर्णय लिया गया है। यह कदम न केवल संगठन को सशक्त करेगा बल्कि प्रदेश की मातृशक्ति को भी नई प्रेरणा देने का कार्य करेगा।

### जय श्री श्याम के जयघोष से गूंजा मंदिर परिसर



**तरावड़ी।** शहर मे नत्था सिंह नगर में स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में पद्मिनी एकादशी बड़े ही धूमधाम व उत्साह के साथ मनाई गई। मन्दिर मे देर रात तक कार्यक्रम चलता रहा जिसमे श्याम बाबा प्रेमी झूमते नजर आये। एकादशी पर मंदिर व बाबा श्याम के स्वरूप को फूलों से सजाया और महकाया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर विधि-विधान से पूजा अर्चना की। सुबह से लेकर देर रात तक मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। सभी भक्तों के हाथों में गुलाब के फूल नजर आ रहे थे। बहुत से भक्तजनों ने निशान चढ़ाकर मन्नत मांगी। इस अवसर पर जींद से आई भजन गायिका मन्नु जींद व भजन गायक ईश्वर जांगड़ा ने अपने भजनों के माध्यम से श्याम प्रेमियों का झूमने पर मजबूर कर दिया।

### डीएलएसए ने लगाए जागरूकता शिविर

**कुरुक्षेत्र।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुरुक्षेत्र दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में तथा माननीय सीजेएम एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुरुक्षेत्र नीतिका भारद्वाज के दिशानिदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुरुक्षेत्र द्वारा ट्रैवलर वैन के माध्यम से गांव अजरावर, बसंतपुर, भुस्तथला एवं चम्मुकलां में विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पैनल अधिवक्ता अनिता सैनी एवं पैरा लीगल वॉलंटियर पूनम द्वारा ग्रामीणों को विभिन्न नालसा योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया। उन्होंने नालसा ड्रग अवेयरनेस एंड वेलनेस नेविगेशन फॉर ए ड्रग-फ्री इंडिया) योजना व अन्य योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

## 14 हॉर्टिकल्चर साइंस सेंटर एमएचयू को किए समर्पित

# बागवानी क्षेत्र में नई क्रांति की ओर बढ़ रहा प्रदेश : सीएम नायब सैनी

■ पोस्ट हार्वेस्ट प्रबंधन, पादप रोग विज्ञान और कीट विज्ञान में भी शुरू होंगी मास्टर डिग्री व पीएचडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि यदि भारत को वैश्विक कृषि और बागवानी शक्ति बनाना है तो इसकी नींव गुणवत्तायुक्त बीज, रोगमुक्त पौध सामग्री और वैज्ञानिक सोच पर रखनी होगी। उन्होंने कहा कि बागवानी क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए पोस्ट हार्वेस्ट प्रबंधन, पौध कीट नियंत्रण तथा पादप रोग विज्ञान जैसे विषयों में भी मास्टर डिग्री और पीएचडी की शुरुआत की जाएगी। साथ ही राज्य सरकार द्वारा 14 हॉर्टिकल्चर साइंस सेंटर महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय को समर्पित किए जा रहे हैं, जो किसानों तक आधुनिक तकनीक, गुणवत्तायुक्त पौध सामग्री और वैज्ञानिक सलाह पहुंचाने का कार्य करेंगे।




**करनाल।** राष्ट्रीय बागवानी सम्मेलन में भाग लेते मुख्यमंत्री एवं अन्य।

मुख्यमंत्री वीरवार को महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय करनाल एवं लेफ्टिनेंट अमित मेमोरियल फाउंडेशन की ओर से आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन का विषय "अमृतकाल में बागवानी फसलों के लिए गुणवत्तायुक्त बीज एवं रोपण सामग्री का रणनीतिक प्रतिमान" रखा गया था। मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्वलित कर सम्मेलन का शुभारंभ किया तथा शहीद लेफ्टिनेंट अमित के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर बागवानी वैज्ञानिकों और प्रगतिशील किसानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### बेटियों को दिया आत्मनिर्भर बनने का संदेश



**करनाल।** केंद्रीय आर्य युवक परिषद् द्वारा आर्य केंद्रीय सभा के तत्वावधान में डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल, पुलिस लाइन करनाल में आयोजित पांच दिवसीय आर्या युवती शिविर के तीसरे दिन मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पहुंचकर शिविरार्थियों को आशीर्वाद दिया और बेटियों को आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि परिषद द्वारा किया जा रहा कार्य समाज में संस्कार और राष्ट्रभक्ति को मजबूत करने वाला है। बेटियां दो परिवारों को रोशन करती हैं और सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि महिलाओं को अधिकार और सम्मान दिलाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। शिविर में मौजूद छात्राओं ने मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने बेटियों को शिक्षा, अनुशासन और संस्कारों के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। डीएवी स्कूल के प्राचार्य अरुण वर्मा ने कहा कि विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में अच्छे संस्कार विकसित करने पर भी विशेष ध्यान देता है। प्रांतीय अध्यक्ष स्वतंत्र कुकरेजा ने कहा कि परिषद युवाओं में नैतिक मूल्यों और भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में संस्कारों की जो कमी दिखाई देती है, उसे ऐसे शिविरों के माध्यम से पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। शिविर के दौरान छात्राओं के लिए डेंटल चेकअप कैंप भी लगाया गया। डॉ. आशीष पसरीचा और डॉ. रचना चौधरी ने बच्चों को दांतों की देखभाल संबंधी जानकारी दी। वहीं डॉ. सोनम सचदेवा ने जंक फूड के दुष्प्रभावों के बारे में बताया।

### सब्जी विक्रेता के परिवार से मिले

**करनाल।** करनाल। करनाल शहर में 10 रुपये के मामूली विवाद में सब्जी विक्रेता की हत्या का मामला अब मुख्यमंत्री स्तर तक पहुंच गया है। वीरवार को मृतक संजय सैनी के परिजनों ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और परिवार को सुरक्षा व सहायता देने की मांग की। मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान मृतक की बेटियों और पत्नी ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने परिवार को भरोसा दिलाया कि मामले में शामिल किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने परिवार को हरसंभव मदद का आश्वासन भी दिया। परिवार के साथ मौजूद रमेश सैनी ने बताया कि विधायक जगमोहन आनंद के माध्यम से मुख्यमंत्री से मुलाकात करवाई गई। मुख्यमंत्री ने परिवार की बात सुनी और पुलिस अधिकारियों को मामले में तेजी से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बुढ़ाखेड़ा निवासी शिवानी ने बताया कि उसके पिता संजय सैनी सब्जी और फल की रेहड़ी लगाते थे। 26 मई की रात दो युवक करीब 210 रुपये की फल-सब्जी खरीदने के बाद 200 रुपये देकर जाने लगे।

# अर्चना को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त करने पर भाजपाइयों में उत्साह

■ कार्यकर्ताओं ने ढोल–नगाड़ों के साथ खुशी मनाई और लड्डू खिलाकर शुभकामनाएं दीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा



भारतीय जनता पार्टी द्वारा हरियाणा में संगठनात्मक बदलाव करते हुए महिला नेत्री अर्चना गुप्ता को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर घरौंडा में भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। पार्टी की कमान करीब चार दशक बाद किसी महिला नेता को सौंपे जाने पर कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ खुशी मनाई और एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर शुभकामनाएं दीं।

नगरपालिका अध्यक्ष हैप्पी गुप्ता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मुख्य बाजार और विभिन्न स्थानों पर जश्न मनाया। इस दौरान भाजपा समर्थकों ने पार्टी नेतृत्व के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि भाजपा हमेशा महिलाओं को सम्मान और नेतृत्व देने वाली पार्टी रही है तथा अर्चना गुप्ता की नियुक्ति इसी सोच को मजबूत करती है। नगरपालिका अध्यक्ष हैप्पी गुप्ता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी महिलाओं को राजनीति और संगठन में बराबरी की भागीदारी देने के लिए लगातार कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि अर्चना गुप्ता को संगठन में लंबे समय तक कार्य करने का अनुभव है और उन्होंने जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके नेतृत्व में पार्टी को नई ऊर्जा मिलेगी और महिला कार्यकर्ताओं का मनोबल भी बढ़ेगा।

### अनुपमा वैश्य समाज की अध्यक्ष नियुक्त



तरावड़ी। अग्रवाल वैश्य समाज महिला इकाई की नवनियुक्त पदाधिकारी।

**तरावड़ी।** अग्रवाल वैश्य समाज महिला नीलोखेड़ी विधानसभा कार्य समिति की महिला इकाई कार्यकारिणी का आज गठन किया गया, जिसमें अनुपमा जैन को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके अलावा सुनैना गोयल को महासचिव एवं ममता जैन को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने विश्वास दिलाया कि उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी गई है वह उसे पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निवर्हन करेंगी। उन्होंने अपनी नियुक्ति पर कहा कि वे समाज की एकता, संगठनात्मक मजबूती एवं सामाजिक-राजनीतिक भागीदारी के संकल्पों को पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ आगे बढ़ाएंगी।

# मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने आर्य कन्या गुरुकुल में शेड का शिलान्यास किया

■ बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने आर्य कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मोर माजरा में प्रार्थना एवं सांस्कृतिक सभा शेड का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय की छात्राओं द्वारा बोर्ड परीक्षाओं में हासिल उत्कृष्ट परिणामों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी।



**करनाल।** आर्य कन्या गुरुकुल में शेड का शिलान्यास करते हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार

समारोह में गुरुकुल के प्रधान सुखबीर सिंह मान ने बताया कि विद्यालय में करीब 2500 छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। उन्होंने कहा कि नया शेड प्रार्थना सभाओं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और अन्य गतिविधियों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगा। प्रधान ने बताया कि विद्यालय ने दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में हरियाणा में पांचवां स्थान प्राप्त किया है, जबकि जिला करनाल की टॉप-10 मेरिट सूची में छह छात्राएं गुरुकुल की रही हैं। यह जानकारी सुनकर मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने छात्राओं, शिक्षकों और गुरुकुल प्रबंधन की सराहना की। गुरुकुल भारतीय संस्कृति और आधुनिक शिक्षा के समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण है तथा यहां छात्राओं के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस अवसर पर गुरुकुल प्रबंधन समिति के सदस्य और अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# नगला मेघा में दो चौपालों का किया शिलान्यास

■ विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण बोले, गांव और समाज का माहौल अच्छा होना जरूरी

**करनाल।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने वीरवार को गांव नगला मेघा में 15 लाख रुपये की लागत से बनने वाली पाल चौपाल तथा 22 लाख रुपये की लागत से बनने वाली कश्यप चौपाल का शिलान्यास किया। उन्होंने गांव में खेल मैदान विकसित कराने और एक नई चौपाल बनवाने का भी आश्वासन दिया।

गांव पहुंचने पर पाल समाज, कश्यप समाज और ग्राम पंचायत की ओर से विधानसभा अध्यक्ष का पगड़ी पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। समाज के लोगों ने उन्हें लड्डुओं से भी तौला। जिन दोनों चौपालों का शिलान्यास किया गया, उनका निर्माण पंचायती राज विभाग द्वारा कराया जाएगा। शिलान्यास कार्यक्रम के बाद उन्होंने पंचायत भवन में संचालित सिलाई सेंटर का भी निरीक्षण किया। नगला मेघा सहित आसपास के लगभग 17 गांवों के स्कूलों को अपग्रेड कर सीनियर सेकेंडरी बनाया गया है। क्षेत्र में बन रही मेडिकल यूनिवर्सिटी और रिंग रोड शुरू होने के बाद लोगों को पीजीआई स्तर की स्वास्थ्य सुविधाएं मिलने के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर भी उपलब्ध होंगे। गांव में खेल का मैदान विकसित कराया जाएगा तथा खेल सामग्री के लिए धन की कमी नहीं आने दी जाएगी।

# पेप्सिको की पहल से हरियाणा में 1.1 लाख महिलाएं बनेंगी 'लखपति

■ महिलाओं को आजीविका, रियायती ऋण और बाजार से जोड़ने के लिए शुरू हुई बड़ी पहल

**करनाल।** महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में पेप्सिको इंडिया ने हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और इंडस एक्शन के साथ मिलकर लखपति दीदी योजना को मजबूत करने के लिए नई पहल शुरू की है। इसका उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को सरकारी योजनाओं, रियायती ऋण, कौशल विकास और बाजार से जोड़कर उनकी आय बढ़ाना है। इस पहल के तहत अगले तीन वर्षों में करीब 1.1 लाख महिलाओं को 'पोटेंशियल



लखपति दीदी' के रूप में सशक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है। महिलाओं को पशुपालन, डेयरी, मछली पालन और अन्य स्वरोजगार योजनाओं से जोड़ते हुए उन्हें उत्पादक संसाधन और प्रशिक्षण उपलब्ध करवाया जाएगा। मुख्य कॉर्पोरेट मामलों की अधिकारी एवं सस्टेनेबिलिटी हेड यशिका सिंह, एचएसआरएलएम के सीईओ सूरज भान तथा इंडस एक्शन के संस्थापक एवं सीईओ तरुण चेरुकुरी ने संयुक्त रूप से कहा कि इस साझेदारी का उद्देश्य महिलाओं तक योजनाओं का लाभ पारदर्शी और आसान तरीके से पहुंचाना है।

## न्यूज डायरी

### महापौर ने हरसंभव मदद का दिलाया भरोसा



**करनाल।** दिवंगत सब्जी विक्रेता संजय सैनी की बेटियों को ढांढस बंधातीं महापौर रेणु बाला गुप्ता।

**करनाल।** बुढ़ाखेड़ा क्षेत्र में सब्जी विक्रेता संजय सैनी की असामयिक मृत्यु के बाद वीरवार को करनाल की महापौर रेणु बाला गुप्ता शोक संतप्त परिवार से मिलने पहुंचीं। उन्होंने परिवार को सांत्वना देते हुए इस कठिन समय में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। महापौर ने दिवंगत संजय सैनी की बेटियों के सिर पर हाथ रखकर उन्हें ढांढस बंधाया। परिवार की पीड़ा और हालात को देखकर वह भावुक हो उठीं। उन्होंने कहा कि एक मेहनतकश व्यक्ति की मामूली विवाद में इस प्रकार निर्मम हत्या होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और समाज को झकझोर देने वाली घटना है। उन्होंने कहा कि किसी भी परिवार के लिए अपने प्रियजन को इस प्रकार खो देना अत्यंत पीड़ादायक और असहनीय होता है। इस दुःख की घड़ी में वे परिवार के साथ पूरी मजबूती से खड़ी हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि शासन और प्रशासन स्तर पर परिवार को हरसंभव सहायता दिलाने के लिए प्रयास किए जाएंगे।

### अल्ट्रामैन फिनिश कर लौटे राहुल का स्वागत



**करनाल।** ऑस्ट्रेलिया में आयोजित दुनिया की सबसे कठिन एंड्योरेंस ट्रायथलॉन प्रतियोगिताओं में शामिल अल्ट्रामैन ऑस्ट्रेलिया-2026 को सफलतापूर्वक पूरा कर करनाल लौटे धावक राहुल का शहर में भव्य स्वागत किया गया। करनाल स्ट्राइडर्स की ओर से स्काई डाइनिंग एंड टैरेस लाउंज में विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें खिलाड़ियों, फिटनेस प्रेमियों और शहर के गणमान्य लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह में डॉ. बलबीर विर्क ने कहा कि राहुल की उपलब्धि केवल करनाल ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास से युवा किसी भी अंतरराष्ट्रीय मंच पर सफलता हासिल कर सकते हैं। समाजसेवी प्रवेश गाबा ने राहुल को युवाओं के लिए प्रेरणा बताते हुए कहा कि उनकी सफलता से शहर में फिटनेस और खेल संस्कृति को नई ऊर्जा मिलेगी। इस दौरान करनाल स्ट्राइडर्स से जुड़े अमित गुप्ता, सुरेंद्र चौहान, सुमित मान, कविता संधू, गारिमा शर्मा, सचिन्द्र, सतिन्द्र मेहता, सौरव, वेदव्रत, राहुल कौशिक, जावेद, हितेश बुटानी, वरुण सरीन और अंकित सरीन सहित बड़ी संख्या में रनर्स मौजूद रहे। सभी ने राहुल को फूलमालाएं पहनाकर सम्मानित किया। राहुल ने हाल ही में तीन दिन तक चलने वाली अल्ट्रामैन ऑस्ट्रेलिया प्रतियोगिता पूरी की है।

## जिलेभर के मस्जिदों और ईदगाहों में उमड़ी नमाजियों की भीड़

# ईदुल अजहा पर अकीदत व उत्साह का अद्भुत संगम

■ लोगों ने गले मिलकर दी एक दूसरे को मुबारकबाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

शहर में ईदुल अजहा का पर्व गुरुवार को पूरे धार्मिक उत्साह, भाईचारे और अकीदत के साथ मनाया गया। सुबह से ही शहर की मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज अदा करने के लिए मुस्लिम समाज के लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों में पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और अमन-चैन, खुशहाली तथा देश की तरक्की के लिए दुआ मांगी। सुबह सात बजे सुभाष नगर स्थित जामा



मस्जिद में मौलवी रिजवान ने नमाज अदा कराई। इसके बाद मदीना मस्जिद रेलवे स्टेशन में अल्हाज मौलाना तशुवर राव ने नमाज पढ़ाई। वहीं कसूरी वाली मस्जिद कलंदरी गेट में हाफिज साकिर अहमद ने नमाज अदा कराई। शहर की ऐतिहासिक ईदगाह, पुरानी तहसील के सामने, अल्हाज मौलाना अहमद हसन की अगुवाई में बड़ी संख्या में लोगों ने नमाज अदा की। इसके अलावा मेरठ रोड स्थित मस्जिद में भी मुस्लिम समाज के लोगों ने हाफिज मोहम्मद मुरसलीन की इमामत में नमाज अदा की। नमाज के दौरान मस्जिदों और ईदगाहों के बाहर सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर भी विशेष इंतजाम किए गए थे। नमाज समाप्त होने के बाद लोगों ने एक-दूसरे से मुलाकात कर बकरा ईद की बधाइयां दीं। बच्चों में नए कपड़ों और पर्व की खुशियों को लेकर खास उत्साह दिखाई दिया। कई स्थानों पर लोगों ने जरूरतमंदों को भोजन और अन्य जरूरी वस्तुएं भी वितरित कीं।

पूर्व मीडिया कॉर्डिनेटर हरियाणा राज्य हज कमेटी खुर्शीद आलम ने बताया कि ईदुल अजहा त्याग, समर्पण और इंसानियत का संदेश देने वाला पर्व है। मुस्लिम समाज ने प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से कुर्बानी की रस्म अदा की। इसमें जरूरतमंदों की मदद करने का भी विशेष महत्व है।

### दोपहर के समय धूप से बचने और अधिक पानी पीने की सलाह

**करनाल।** उत्तर हरियाणा सहित पूरे क्षेत्र में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचने से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। अस्पतालों में लू और डिहाइड्रेशन के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है।

विर्क अस्पताल के फिजीशियन डॉ. नेत्रपाल ने लोगों को गर्मी से बचाव के लिए विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि तेज धूप में निकलने से बचें और शरीर में पानी की कमी न होने दें। अधिक से अधिक पानी, लस्सी और ग्लूकोज युक्त पेय पदार्थों का सेवन करना चाहिए।

उन्होंने बताया कि दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच अनावश्यक शारीरिक गतिविधियों से बचना चाहिए। बाहर निकलते समय छाता, टोपी या सिर पर सूती कपड़ा रखना जरूरी है। हल्के रंग और सूती कपड़े पहनना भी फायदेमंद रहता है।

## खबर संक्षेप



### गीता परिवार ने किया संस्कार केंद्र शुरू

**समालखा।** गीता परिवार द्वारा बृहस्पतिवार से बाल संस्कार केंद्र घर घर शुरुआत अभियान के अंतर्गत बाल संस्कार केंद्र का शुभारंभ किया गया। चार दिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में नैतिक मूल्यों, भारतीय संस्कृति, अनुशासन, सेवा भावना एवं आध्यात्मिक संस्कारों का विकास करना है ताकि वे भविष्य में आदर्श नागरिक बन सकें। गीता परिवार पानीपत द्वारा गीता परिवार का परिचय व उद्देश्य को बताते हुए बच्चों को प्रार्थना, योग, भजन, प्रेरणादायक प्रसंग, नैतिक शिक्षा एवं भारतीय संस्कृति से जुड़ी गतिविधियों के माध्यम से संस्कारवान बनने की प्रेरणा दी गई। इस अवसर पर उत्तरांचल प्रभारी गीता परिवार मीनाक्षी गुप्ता, मीनू गोयल, मुकेश देशवाल व सोनू रानी आदि मौजूद रहे।

### दसवीं की छात्रा दुष्कर्म के बाद हुई गर्भवती

**पानीपत।** शहरी क्षेत्र की कालोनी में नाबालिग लड़की के साथ रेप कर अश्लील वीडियो बनाने के बाद उसे गर्भवती किए जाने का मामला प्रकाश में आया था। पुलिस द्वारा शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस को दी गई शिकायत में पीड़िता की विधवा माता ने बताया कि उनकी 17 वर्षीय नाबालिग बेटी 10वीं कक्षा में पढ़ती है और साथ में ब्यूटी पार्लर का काम सीख रही है। शिकायत के अनुसार पड़ोस में रहने वाले आरोपी अंकित और पारूल दोनों पति.पत्नी हैं। वहीं आरोपी विनीत और मोनी आरोपी पारूल के भाई हैं जो पानीपत में अपनी बहन के घर ही रहते हैं। पीड़िता की मां ने आरोप लगाया कि आरोपी अंकित और पारूल ने उनकी बेटी को मेहंदी लगाने के बहाने अपने घर बुलाया था।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पानीपत इलेक्ट्रिक बस अड्डे का किया उद्घाटन, 80 बसों को दिखाई हरी झंडी

# पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ऐतिहासिक कदम
# एक साल में 10 नए इलेक्ट्रिक बस स्टैंड बनाए जाएंगे

- पानीपत से हरियाणा में ग्रीन ट्रांसपोर्ट क्रांति की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत







**पानीपत।** इलेक्ट्रिक बस डिपो का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री नायब सैनी व अन्य, इलेक्ट्रिक बसों को झंडी दिखाकर रवाना करते तथा कालेज में आयोजित जनसभा को संबोधित करते सीएम नायब सैनी। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा में ग्रीन पब्लिक ट्रांसपोर्ट व्यवस्था को नई दिशा देते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बृहस्पतिवार को पानीपत में इलेक्ट्रिक बस डिपो का उद्घाटन किया तथा 80 इलेक्ट्रिक सिटी बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आर्य कॉलेज सभागार में आयोजित जनसभा में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि पानीपत की ऐतिहासिक और पावन धरती से आज हरियाणा में स्वच्छ, आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल परिवहन व्यवस्था के नए युग की शुरुआत हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वीरवार को रवाना की गई 80 इलेक्ट्रिक बसों में पानीपत के लिए 40, यमुनानगर के लिए 15, कुरुक्षेत्र और सोनीपत के लिए 10-10 तथा पंचकूला के लिए 5 बसें शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पानीपत में लगभग 7 करोड़ रुपये लागत से अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक बस डिपो तैयार किया गया है। इसके अलावा प्रदेश के 8 अन्य जिलों में भी इलेक्ट्रिक बस डिपो निर्माणाधीन हैं, जहां बसों की चार्जिंग की आधुनिक व्यवस्था उपलब्ध करवाई जाएगी। सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को मजबूत करना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को 'ग्रीन इंडिया', 'नेट जीरो' और 'सस्टेनेबल डेवलपमेंट' का विजन दिया है। पूरी दुनिया आज पर्यावरण संरक्षण और ग्रीन एनर्जी की दिशा में आगे बढ़ रही है। प्रधानमंत्री ने पेट्रोल और डीजल की खपत कम करने तथा इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देने का आह्वान किया है और हरियाणा सरकार उसी सोच को धरातल पर उतारने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हर जिले और शहर में अधिक से अधिक इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएंगी तथा प्रदेश में पीपीपी मोड पर ट्रैफिक स्टेशन भी स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि वर्तमान में पानीपत, यमुनानगर, करनाल, पंचकूला और रोहतक सहित 10 बड़े शहरों में सिटी बस सेवा उपलब्ध है। पहले से चल रही 75 ई-बसों में आज 80 नई बसें शामिल होने के बाद कुल संख्या 155 हो गई है। गुरुग्राम और फरीदाबाद जैसे महानगरों के लिए 650 स्टैंडर्ड फ्लोर एसी बसें शुरू की जा रही हैं। इसके अलावा चंडीगढ़-दिल्ली एयरपोर्ट-गुरुग्राम तथा चंडीगढ़ से कटरा, सालासर, खाटूश्याम, हरिद्वार और अमृतसर जैसे धार्मिक स्थलों के लिए 50 नई इलेक्ट्रिक एक्सप्रेस बसें खरीदी जाएंगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले साढ़े 11 वर्षों में 2038 ड्राइवर और 1004 ड्यूटी कर्मियों की नियमित भर्ती की गई है। किलोमीटर स्कीम के तहत भी 562 बसें संचालित की जा रही हैं। इसके अलावा भारी वाहन चालकों को प्रशिक्षण देने के लिए 7 नए चालक प्रशिक्षण संस्थान खोले गए हैं, जिससे राज्य में इनकी संख्या बढ़कर 22 हो गई है। महिला उम्मीदवारों को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार परिवहन सेवाओं को लगातार आधुनिक और बेहतर बनाने के लिए कार्य कर रही है, क्योंकि किसी भी प्रदेश के विकास में परिवहन व्यवस्था की अहम भूमिका होती है। परिवहन व्यवस्था को आधुनिक बनाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह पहल आने वाले समय में हरियाणा में हरित क्रांति की मजबूत नींव साबित होगी। राज्यसभा सांसद संजय भाटिया ने कहा कि पानीपत की ऐतिहासिक धरती से इंटरसिटी और इलेक्ट्रिक बस सेवा की शुरुआत होना पूरे हरियाणा के लिए गर्व की बात है। यह केवल परिवहन सुविधा का विस्तार नहीं, बल्कि विकास, आधुनिकता और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सरकार का बड़ा और दूरदर्शी कदम है। वहीं पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल और वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में पानीपत में विकास कार्यों की नई इबारत लिखी गई है। सरकार ने ऐतिहासिक नगरी पानीपत के विकास में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं छोड़ी है। उन्होंने कहा कि शहर में लगातार बड़े और जनहितकारी विकास कार्य किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में परिवहन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजशेखर वुन्नडरू ने अपने संबोधन में परिवहन विभाग द्वारा चलाई जारी विभाग योजनाओं की जानकारी मुख्यमंत्री के समक्ष रखी और उनका अभिवादन किया।

### पेट्रोल-डीजल पर निर्भरता कम होगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि इलेक्ट्रिक बस सेवा से पेट्रोल और डीजल पर निर्भरता कम होगी, प्रदूषण में कमी आएगी तथा लोगों को सुरक्षित, आरामदायक और आधुनिक यात्रा सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि भारत हर वर्ष करोड़ों रुपए का पेट्रोलियम आयात करता है। यदि इलेक्ट्रिक वाहनों और ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा मिलेगा तो इससे देश का पैसा बचेगा और पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य हरियाणा को आने वाले वर्षों में देश के सबसे आधुनिक और पर्यावरण हितैषी राज्यों में शामिल करना है। ई-बसें केवल परिवहन का साधन नहीं बल्कि स्वच्छ हवा, कम शोर और कम खर्च में बेहतर यात्रा सुविधा का माध्यम भी हैं। इनके संचालन से कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी और आम नागरिकों को बेहतर सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि हरियाणा सिटी बस सर्विस लिमिटेड शहरी जीवन को अधिक सुविधाजनक और पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। हाल ही में हरियाणा विजन-2047 के अंतर्गत परिवहन सेवाओं के अगले पांच वर्षों के रोडमैप की समीक्षा की गई है। तेजी से बढ़ते शहरी क्षेत्रों को देखते हुए शहरों में लोकल बसों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार बसों को रेलवे की तर्ज पर ट्रैकिंग सिस्टम से जोड़ने पर भी कार्य कर रही है, जिससे यात्री मोबाइल ऐप के माध्यम से बसों की लोकेशन और आगमन समय की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही एक वर्ष के भीतर 10 नए इलेक्ट्रिक बस स्टैंड बनाए जाएंगे तथा भविष्य में अधिक से अधिक इलेक्ट्रिक बसें खरीदी जाएंगी।

### ऐसी सुविधाओं से आम जनता को लाभ : पंवार

हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि लगभग 7 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से तैयार यह आधुनिक इलेक्ट्रिक बस डिपो सरकार की दूरदर्शी सोच और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार लगातार परिवहन सुविधाओं को मजबूत करने का कार्य कर रही है और इसका लाभ आम जनता को मिल रहा है। कृष्ण पंवार ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हरियाणा विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। प्रधानमंत्री द्वारा बेटियों, महिलाओं और गरीब वर्ग के उत्थान के लिए जो ऐतिहासिक कार्य किए जा रहे हैं, वे पूरे देश के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

### कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी : ढांडा

शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि इलेक्ट्रिक बसों का संचालन पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक पहल है। इन बसों के संचालन से लाखों किलो कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी और प्रदूषण नियंत्रण को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया ग्रीन एनर्जी और स्वच्छ परिवहन व्यवस्था की ओर बढ़ रही है और हरियाणा सरकार भी इसी दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू होने से लोगों को आरामदायक, सुरक्षित और आधुनिक यात्रा सुविधा मिलेगी, साथ ही शहरों का वातावरण भी स्वच्छ होगा। महीपाल ढांडा ने कहा कि सरकार जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए योजनाएं बना रही है।

### जिले को आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था का बड़ा तोहफा मिला : उपायुक्त

**पानीपत।** पानीपत शहर को आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था का बड़ा तोहफा मिला, जब अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक बस डिपो का मुख्यमंत्री नायब सिंह द्वारा विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर 48 इलेक्ट्रिक बसों को अलग-अलग रूटों के लिए रवाना किया गया। लंबे समय से जिस सुविधा का पानीपत की जनता को इंतजार था, वह आज साकार हो गया। यह डिपो हरियाणा राज्य परिवहन विभाग द्वारा विकसित किया गया है, जिसमें आधुनिक चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, बस वॉशिंग प्लेटफॉर्म, ईटीपी प्लांट, हाईमास्ट लाइटिंग, सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली, मजबूत सुरक्षा व्यवस्था और अत्याधुनिक पार्किंग एवं सर्कुलेशन सिस्टम जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं। नई इलेक्ट्रिक बसों के संचालन से यात्रियों को आरामदायक, सुरक्षित और सुगम सफर मिलेगा। इन बसों के संचालन से यात्रियों को आधुनिक सुविधाओं के साथ बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। साथ ही ईंधन खर्च में कमी आने से सरकारी संसाधनों की भी बचत होगी। इलेक्ट्रिक बसें कम ध्वनि प्रदूषण पैदा करती हैं, जिससे शहर का वातावरण अधिक शांत और स्वच्छ बनेगा। जीएम रोडवेज विक्रम कंबोज ने कहा कि इस अत्याधुनिक डिपो में विश्वस्तरीय सुविधाएं विकसित की गई हैं। यहां स्थापित हाई कैपेसिटी चार्जिंग सिस्टम के माध्यम से इलेक्ट्रिक बसों का संचालन सुचारु रूप से किया जाएगा। पानीपत अब आधुनिक सार्वजनिक परिवहन के क्षेत्र में नई पहचान बनाने जा रहा है। आज इस ऐतिहासिक पल का पूरा शहर गवाह बना।

### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर बीजेपी की प्रदेश अध्यक्ष अर्चना गुप्ता, समालखा विधायक मनमोहन भड़ाना, बीजेपी जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, मेयर कोमल सैनी, जिला परिषद की चेयरपर्सन ज्योति शर्मा, सांसद प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा, उपायुक्त डॉ.विरेंदर कुमार दहिया, एडीसी अंकित चौकसे, पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह, एसडीएम मनदीप कुमार के अलावा गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## डा. अर्चना गुप्ता बनीं प्रदेशाध्यक्ष

**पानीपत।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने हरियाणा भाजपा के अध्यक्ष मोहनलाल बडोली की जगह डा.अर्चना गुप्ता को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया है। डा. अर्चना गुप्ता फिलहाल पार्टी की राज्य महामंत्री के रूप में कार्य कर रही थी। उनके साथ सुरेंद्र पूनिया और कृष्ण बेदी भी पार्टी के प्रदेश महामंत्री बने हुए थे। आज सुबह पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह ने अर्चना गुप्ता की नियुक्ति का पत्र जारी किया। पिछले कई दिनों से हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को बदले जाने की संभावनाएं व्यक्त की जा रही थी। कुछ नाम भी चर्चा में थे लेकिन डा.अर्चना गुप्ता का नाम चौंकाने वाला साबित हुआ है। डा.अर्चना गुप्ता को लेकर कभी चर्चा नहीं चली लेकिन पार्टी ने डा.अर्चना गुप्ता पर अपनी मोहर लगा दी।



## नरेंद्र बने समालखा के नए डीएसपी

**समालख।** हरियाणा पुलिस विभाग में प्रशासनिक फेरबदल के तहत समालखा क्षेत्र को नया डीएसपी मिल गया है। अब समालखा की जिम्मेदारी डीएसपी नरेंद्र कादियान संभालेंगे। डीएसपी नरेंद्र कादियान के जिम्मे समालखा पुलिस स्टेशन की निगरानी के साथ.साथ कई महत्वपूर्ण कार्य सौंपे गए हैं। इनमें क्षेत्र में अवैध खनन पर रोक लगाना, समालखा कोर्ट कॉम्प्लेक्स की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करना तथा कानून व्यवस्था बनाए रखना प्रमुख जिम्मेदारियां शामिल हैं। इसके अलावा उन्हें पुलिस कंपनियों के संचालन और प्रशिक्षण कार्यों की भी जिम्मेदारी दी गई है। विशेष रूप से टारगेट हार्डनिंग और एडब्लूटी पाठ्यक्रमों के लिए क्षमता निर्माण पर ध्यान दिया जाएगा ताकि पुलिस बल को आधुनिक चुनौतियों से निपटने के लिए बेहतर तरीके से तैयार किया जा सके।





## नवीन शिक्षण विधियों की जानकारी दी

**समालखा।** महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल में शिक्षकों के व्यावसायिक विकास हेतु डिजास्टर मैनेजमेंट डोमेन 2 स्टेम तथा स्टोरी टेलिंग एज पेडागोजी डोमेन 2 विषयों पर शिक्षक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य शिक्षकों को नवीन शिक्षण विधियों, आपदा प्रबंधन कौशल तथा प्रभावी अध्यापन तकनीकों से परिचित कराना था। कार्यशाला के प्रथम सत्र में डिजास्टर मैनेजमेंट डोमेन 2 स्टेम विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रबंधन समिति के प्रधान शिव कुमार गर्ग, उप प्रधान गौतम गर्ग, मैनेजर धीरज मित्तल, सचिव प्रदीप मित्तल, कोषाध्यक्ष प्रदीप मित्तल तथा प्राचार्या अलका शर्मा और कोऑर्डिनेटर रजनी बरेजा के प्रयास द्वारा यह कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न हुई। रिसोर्स पर्सन सुखविंदर सिंह ने विभिन्न प्राकृतिक एवं मानव निर्मित आपदाओं के प्रकार, उनसे बचाव के उपाय तथा विद्यालय स्तर पर सुरक्षा प्रबंधन के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

## नेत्रदान से दो घरों में होगी रोशनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

87 वर्षीय माता इलायची देवी जैन बृहस्पतिवार को देह त्यागकर भगवान महावीर के चरणों में विलीन हो गईं। उनके निधन उपरांत उनके बेटों एवं बेटियों ने अपनी माता जी के नेत्रदान का पुण्य कार्य करवाकर समाज के सामने एक उदाहरण प्रस्तुत किया। नेत्रदान से पूर्व समस्त परिवार ने श्रद्धापूर्वक णमो अरिहंताणं मंत्र का जाप किया और माता जी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। यह नेत्रदान जन सेवा दल के माध्यम से सचिव चमन गुलाटी एवं कमल गुलाटी के सहयोग से अर्पणा हॉस्पिटल करनाल की डॉक्टरों की टीम द्वारा संपन्न कराया गया। पुरुषोत्तम मास के पावन दिनों में किया गया यह सेवा कार्य जैन समाज के लिए विशेष प्रेरणा और मानवता की अनूठी मिसाल बना। जन सेवा दल के सचिव चमन गुलाटी एवं कमल गुलाटी ने भी भगवान महावीर से प्रार्थना करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति तथा परिवार को शक्ति प्रदान करने की कामना की।



**पानीपत।** नेत्रदान करने वाले परिवार को सम्मानित करते जन सेवा दल के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## मंगल सिंह पांचाल को दी श्रद्धांजलि



**इसराना।** हलके के गांव शाहपुर में ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन के राज्य उप प्रधान मंगल सिंह पांचाल की श्रद्धांजलि समारोह में हरियाणा भर से कर्मचारी नेताओं, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारीयों, गांव शाहपुर में आसपास के गांव तथा सगे संबंधियों ने मंगल सिंह को भावपूर्ण श्रद्धांजलि व्यक्त की। इस मौके पर उनके पुत्र विजेंद्र पांचाल, पौत्र हरीश पांचाल, पौत्र यश पांचाल के अलावा विश्वकर्मा सभा के संरक्षक अध्यक्ष विनोद पांचाल, पांचाल समाज पानीपत के जिलाध्यक्ष विपिन पांचाल, आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह डांगी, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रधान सुरेश कुमार, पवन पांचाल, नाहर सिंह ढलवाल, राजेंद्र पांचाल, रणबीर पांचाल, रामपाल पांचाल तथा सुरेश पांचाल, महेंद्र पांचाल, राजेंद्र पांचाल, उमेद पांचाल आदि मौजूद थे।

## लखपति दीदी योजना को दी मजबूती

**पानीपत।** अपनी रेवोल्यूशनारी पहल के तहत पेप्सिको इंडिया ने हरियाणा सरकार की लखपति दीदी योजना के कार्यान्वयन को और मजबूत करने के लिए हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और इंडस एक्शन के साथ साझेदारी की है। यह पहल पेप्सिको इंडिया के पार्टनरशिप ऑफ प्रोग्रेस के दर्शन पर आधारित है। इस पहल के तहत अगले तीन सालों में 11 लाख संभावित लखपति दीदियों को सहायता देने का अनुमान है। पेप्सिको इंडिया और दक्षिण एशिया की मुख्य कॉर्पोरेट मामलों की अधिकारी और सस्टेनेबिलिटी हेड यशिका सिंह ने कहा पेप्सिको इंडिया में हम मानते हैं कि रिवोल्यूशनारी पहल के तहत महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने से परिवारों और समुदायों में व्यापक प्रभाव पड़ता है। एचएसआरएलएम और इंडस एक्शन के साथ इस साझेदारी के जरिये हम आजीविका योजनाओं को अधिक सुलभ, पारदर्शी और परिणाम आधारित बनाने वाली प्रणालियों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। इंडस एक्शन के संस्थापक और सीईओ तरुण चेरुकुरी ने कहा कि पेप्सिको इंडिया और एचएसआरएलएम के साथ साझेदारी समुदाय के एकदम अंतिम छोर पर खड़ी महिलाओं तक पहुंच को मजबूत करने और यह सुनिश्चित करने की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## पार्षद ने निर्माण का किया निरीक्षण



**पानीपत।** माडल टाउन स्थित रविंद्रा अस्पताल के पीछे सद्भावना पार्क में चल रहे विभिन्न निर्माण और सौंदर्यीकरण कार्यों का आज वार्ड न.20 के पार्षद तरुण गांधी ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चल रहे निर्माण कार्यों की गति पर संतोष व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों को सख्त निर्देश दिए गए कि संपूर्ण कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए। कार्य की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं निरीक्षण के दौरान स्थानीय निवासियों से सीधे मुलाकात कर उनसे संवाद स्थापित किया गया तथा उनकी समस्याएं सुनी। जिसमें कुछ का वहीं समाधान किया जबकि कुछ को अधिकारियों के समक्ष रखने का आश्वासन दिया।

## रितिक ने किया बस को रवाना



**पानीपत।** बाबा श्याम सेवा समिति पानीपत द्वारा आज प्राचीन श्री देवी मन्दिर से चुलकाना धाम के लिए बाबा श्याम के दर्शन के लिए बस रवाना की गई। रितिक पुत्र रुपेदर निवासी अंसल ने नारियल फोडक़र बस रवाना की गई। बाबा श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष पवन कंसल ने कहा कि हर महीने की चान्दन की द्वादशी को सभी श्याम भक्तों को समिति निःशुल्क चुलकाना धाम में श्री श्याम जी के दर्शन करवाती है। इस अवसर पर हरियाणा पत्रकार संघ के अध्यक्ष विनोद पांचाल, मोहन लाल, गोबिंद सैनी, अजय ठाकुर, संस्था के वकील ललित मितल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### वृंदावन ट्रस्ट ने आयोजित करवाया गोसेवा कार्यक्रम

## अधिक मास आत्मशुद्धि, सेवा और भक्ति का विशेष अवसर : बंसल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

अधिक मास के पावन एवं धार्मिक महत्व से परिपूर्ण अवसर पर वृंदावन ट्रस्ट पानीपत द्वारा बृहस्पतिवार प्रातः जय श्री कृष्ण राधा गोधाम सोसाइटी में विशेष गोसेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने गोशाला में पहुंचकर गोमाताओं को हरा चारा, गुड़ एवं अन्य खाद्य सामग्री खिलाई तथा गोसेवा कर धर्म लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में वृंदावन ट्रस्ट के प्रधान राकेश बंसल, महासचिव हरीश बंसल, बलदेव गांधी, संजय शाल एवं जगेंद्र कुंडू मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने गौशाला परिसर में जाकर गौ माताओं की सेवा की और गौ संरक्षण एवं सनातन संस्कृति के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। ट्रस्ट के प्रधान राकेश बंसल ने कहा कि अधिक मास भगवान श्रीहरि विष्णु को समर्पित अत्यंत पुण्यदायी मास माना जाता है। इस माह में किए गए दान, सेवा एवं धार्मिक कार्यों का फल कई गुना बढ़ जाता है।

### कथा के 12वें दिन उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**पानीपत।** श्री सनातन धर्म मंदिर सभा मॉडल टाउन के तत्वावधान में आयोजित पावन पुरुषोत्तम मास मलमास कथा के बारहवें दिन मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। व्यासपीठ से प्रख्यात कथा वाचक प.बृजकिशोर शास्त्री ने अपनी सुमधुर वाणी से अत्यंत दिव्य और भावपूर्ण प्रसंगों का वर्णन किया। प.बृजकिशोर शास्त्री ने कहा कि पुरुषोत्तम मास भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त करने का सबसे उत्तम समय है। हरि.कीर्तन से मनुष्य के जन्म.जन्मांतर के पाप मिट जाते हैं। प.बृजकिशोर शास्त्री ने पुरुषोत्तम मास बनने की दिव्य गाथा और भगवान विष्णु की शरणागति के महत्व पर प्रकाश डाला। कथा के सफल आयोजन में श्री सनातन धर्म मंदिर सभा मॉडल टाउन के प्रधान तरुण गांधी की अगुवाई में मंदिर प्रबंधन ने सराहनीय कार्य किया।



**पानीपत।** कथा के दौरान भजन प्रस्तुत करती महिला श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

## कैंटर की टक्कर से एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बापौली

सनौली से नवादा आर वाले रास्ते पर एक तेज रफ्तार कैंटर चालक ने मोटरसाइकिल सवार युवक को सीधी टक्कर मार दी। जिससे गंभीर रूप से घायल हुए युवक की अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई। वहीं पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर नामजद कैंटर नंबर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

धनसौली वासी विजेंद्र ने थाना सनौली खुर्द में दी लिखित शिकायत में बताया कि वह पेशे से खेती बाड़ी का काम करता है। वे दो भाई थे जिनमें राजेंद्र मृतक उससे बड़ा था। बुधवार 27 मई की दोपहर करीब 12 बजे राजेंद्र किसी निजी काम से अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर सनौली आया हुआ था। शाम करीब 4:10 बजे जब राजेंद्र काम निपटाकर वापस अपनी बाइक से गांव की तरफ लौट रहा थ, तभी सनौली खुर्द से नवादा आर की तरफ जाने वाले रास्ते पर स्थित शिव टेंट हाउस के नजदीक यह हादसा हो गया। इस दौरान विजेंद्र के पास उनके ही गांव के रहने वाले रोहित नाम के लडक़े का फोन आया। रोहित ने बताया कि एक तेज रफ्तार कैंटर चालक ने बड़ी लापरवाही से साइड मारते हुए राजेंद्र की मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी है, जिससे वह लहूलुहान होकर सडक़ पर गिरा हुआ है। सूचना मिलते ही विजेंद्र बदहवास हालत में तुरंत मौके पर पहुंचा। मौके पर मौजूद लोगों ने विजेंद्र को बताया कि एक्सीडेंट करने वाले कैंटर का नंबर था। जिसका चालक टक्कर मारने के तुरंत बाद कैंटर सहित मौके से तेजी से फरार हो गया। विजेंद्र ने राहगीरों की मदद से अपने भाई को अस्पताल तक पहुंचाया।



मृतक राजेंद्र

**बेदखली**

मैं संजय कुमार पुत्र कृष्ण लाल निवासी मकान नं.504, गांव शौदापुर, तहसील मडलौडा, जिला पानीपत, अपने हल्फ से ब्यान करता हूं कि मेरी पुत्री कुसम लता जोकि अविवाहित है मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है इसलिए मैं अपनी पुत्री को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इसके साथ लेन-देन व सम्बंध रखने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी कोई जिम्मेवारी नही होगी।

शपथकर्ता

## खबर संक्षेप

### 91 एकड़ जमीन पट्टे पर देगा नगर निगम

**अंबाला।** नगर निगम अपनी करीब 91 एकड़ कृषि भूमि को पट्टे यानि ठेके पर देगा। इसके लिए आगामी 2 से 4 जून तक अलग-अलग गांवों में खुली बोली का आयोजन किया जाएगा। नगर निगम प्रशासन ने साफ किया है कि निगम का कोई भी डिफाल्टर या बकायादार व्यक्ति इस बोली में हिस्सा नहीं ले सकेगा। नगर निगम एमई राजकुमार और बिल्डिंग इंस्पेक्टर राजीव विज ने बताया कि बोली की प्रक्रिया 2 जून को सुबह 10 बजे लोहगढ़ से शुरू होगी। इसी दिन डंगडेहरी, डडियाना और देवीनगर में भी बोलियां लगेंगी। 3 जून को घेलखुर्द, घेलकलां, लिहारसा और कालूमाजरा और 4 जून को सिंघावाला, सौंडा और कांवला गांव की जमीन के लिए खुली बोली होगी। कांवला गांव में सबसे ज्यादा 34 एकड़ भूमि पट्टे पर दी जानी है।

### निगम ने अतिक्रमण अभियान चलाया

**अंबाला।** नगर निगम ने सिटी में नहान हाउस चौक, सब्जी मंडी, दो खंभा चौक से मंजी साहिब गुरुद्वारे तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। वार्ड नंबर-7 की सफाई दरोगा अंजू बाला टीम के साथ पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में मौके पर पहुंचीं। अभियान के दौरान दुकानदारों द्वारा सड़कों के बीच रखा गया सामान और अस्थायी ढांचे हटाए गए। इससे आवागमन बाधित हो रहा था। निगम ने कई दुकानदारों को दोबारा अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी। निगम की टीम ने सड़कों पर रखे मिले सामान को उठाकर ट्रॉली में डाला। निगम टीम ने दुकानदारों से कहा कि कुछ दुकानदारों का सामान जब्त किया गया है।

### सड़क पर जमा गंदे पानी से राहगीरों की परेशानी बढ़ी

**अंबाला।** अंबाला शहर में महावीर पार्क के पास मुख्य सड़क किनारे कई दिनों से गंदा पानी जमा है, जिससे राहगीरों और वाहन-चालकों को रोजाना परेशानी हो रही है। सड़क पर पानी भरा रहने से दोपहिया वाहन चालकों के लिए किनारे से निकलना जोखिमभरा बन गया है, वहीं पैदल चलने वालों को भी गंदगी से होकर गुजरना पड़ रहा है। गर्मी के मौसम में जमा पानी से बदबू फैल रही है और आसपास मच्छरों का प्रकोप बढ़ने लगा है। निकासी व्यवस्था दुरुस्त नहीं होने के कारण समस्या लगातार बनी हुई है।

### वेतन भुगतान में देरी पर कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**अंबाला।** वेतन भुगतान में देरी और नौकरी सुरक्षा की मांग को लेकर अनुबंधित कर्मचारी संघ के बैनर तले कर्मियों ने प्रदर्शन किया। सुबह करीब 10 बजे शुरू हुए विरोध में लगभग 40 कर्मचारी शामिल रहे। कर्मियों का आरोप है कि उन्हें दो माह से वेतन नहीं मिला, जिससे घर-खर्च, किराया और अन्य जरूरतें पूरी करना मुश्किल हो गया है। प्रदर्शन के दौरान विभाग और सरकार के खिलाफ नारेबाजी हुई और हर माह 7 तक वेतन जारी करने के साथ नौकरी सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग उठी। यूनिट प्रधान राजेश कुमार ने बताया कि अधिकारियों ने जल्द समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।

---

### मेयर अक्षिता सैनी के साथ 20 वार्ड पार्षदों ने ली शपथ

# अंबाला के उज्ज्वल भविष्य के लिए नहीं होगी धन की कमी : मुख्यमंत्री

पिछले 12 वर्षों में अंबाला शहर में सड़कों का जाल बिछा, पेयजल व्यवस्था मजबूत हुई, सीवरेज नेटवर्क का हुआ विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। मेयर अक्षिता सैनी व शपथ लेते सदस्य। फोटो : हरिभूमि

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अंबाला शहर के एसए जैन कॉलेज के सभागार में पहुंचकर नवनिर्वाचित मेयर अक्षिता सैनी व सभी सदस्यों को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मेयर व सदस्यों के सहयोग से अंबाला शहर में विकास और तेजी से होगा। शहर और सुन्दर एवं विकसित होगा। इससे पहले उनका यहां पहुंचने पर पूर्व मंत्री असीम गोयल नन्यौला ने पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका अभिनन्दन किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने भी नवनिर्वाचित मेयर को पुष्पगुच्छ भेंटकर उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने सभी सदस्यों के साथ समूह चित्र भी करवाया। इस अवसर पर अंबाला मंडलायुक्त संजीव वर्मा ने नवनिर्वाचित मेयर व सदस्यों को शपथ भी दिलवाई। पिछले वर्षों में अंबाला में सडक़ों का जाल बिछा, पेयजल व्यवस्था मजबूत हुई, सीवरेज नेटवर्क का विस्तार हुआ है। अब यह यात्रा और तेज होनी वाली हैं। चुनाव के दौरान हमने जो संकल्प जनता के सामने रखे थे, उसे धरातल पर लागू करने का काम हमें करना हैं। आइए हम सब मिलकर एक नए अंबाला का निर्माण करें। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की नीतियों के चलते आज देश विश्व में अपनी अलग पहचान बना रहा है।

#### भाजपा राजनीति सत्ता नहीं, जनसेवा की पार्टी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि यह शपथ ग्रहण समारोह अंबाला के उज्ज्वल भविष्य की नई शुरुआत का ऐतिहासिक क्षण है। मैं अंबाला की जागरूक जनता को हार्दिक धन्यवाद देता हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी पर अपना अटूट विश्वास जताते हुए विकास, सुशासन और पारदर्शिता की राजनीति को समर्थन दिया। यह जीत अंबाला के विकास की जीत है। उन्होंने नवनिर्वाचित मेयर व सदस्यों को कहा कि जनता ने आपको सम्मान के साथ बहुत बड़ी जिम्मेदारी भी दी है, इस जिम्मेदारी को आप सब निष्ठा भाव से निभाएं। मैं प्रदेश का मुख्यमंत्री होने के नाते आपको विश्वास दिलाता हूं कि अंबाला शहर के विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। भारतीय जनता पार्टी की राजनीति सत्ता के लिए नहीं सेवा के लिए है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास का मूल मंत्र दिया। उसी सोच को लेकर हम काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने जो कहा वह करके दिखाया है।

#### कार्यक्रम में ये रहे मुख्य रूप से उपस्थित

इस मौके पर पूर्व मंत्री असीम गोयल नन्यौला, मेयर अक्षिता सैनी, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, विधानसभा संयोजक रितेश गोयल, सूचना आयुक्त नीता खेड़ा, उपायुक्त अजय सिंह तोमर, एसपी अजीत सिंह शेखावत, नगर निगम कमिश्नर वीरेंद्र सहरावत, अतिरिक्त उपायुक्त विराट, एसडीएम दर्शन कुमार, एएमसी दीपक सूरा, पूर्व जिला अध्यक्ष जगमोहन लाल कुमार, यमुनानगर मेयर सुमन बहमनी, सदस्य विशाल राणा, वर्षा रानी, मनीष आनंद, वरिन्द्र नाथ, राजेश मेहता, अर्चना छिब्बर, मोनिका मल, शिवानी सूद, कविता रानी, कमलकांत गुप्ता, शोभा सिंह पुनिया, निकुंज चावला, गुरप्रीत सिंह शाना, हितैष जैन, सपना, गुंजीत कौर, पूनम देवी, मनोज कुमार, पुनित के साथ-साथ भाजपा के पदाधिकारी व गणमान्य लोग मौजूद रहें।

---

# अनहद ने प्रदेश के मॉडल स्कूलों में पाया प्रथम स्थान



अंबाला। अनहद कौर को मिठाई खिलाते पूर्व मंत्री असीम गोयल।

- नॉन-मेडिकल संकाय में प्राप्त किए 98 .2 प्रतिशत अंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

मंजिल को पाने की चाह और अगर हौंसले बुलंद हों तो नामुमकिन कुछ भी नहीं। यह बात बेटी अनहद कौर ने साबित कर दी है। सरकारी स्कूल में पढ़ने वाली इस बेटी ने पूरे प्रदेश में सभी मॉडल संस्कृति स्कूलों में पहला स्थान हासिल कर अंबाला का नाम रोशन कर दिया। सीबीएसई बोर्ड की 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल नन्यौला की छात्रा अनहद कौर अंटाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नॉन-मेडिकल संकाय में 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। अनहद की इस सफलता पर पूर्व मंत्री असीम गोयल ने उनके निवास स्थान पर पहुंचकर उन्हें मिठाई खिलाई और उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होंने अनहद के माता-पिता और शिक्षकों को भी बधाई देते हुए कहा कि छात्रा की मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का यह परिणाम है। उन्होंने कहा कि अनहद कौर अंटाल की उपलब्धि न केवल अंबाला बल्कि पूरे हरियाणा के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी।

पूर्व मंत्री असीम गोयल ने कहा कि सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा इस प्रकार के उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करना यह दर्शाता है कि सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयास अब सकारात्मक परिणाम देने लगे हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में शिक्षा का स्तर लगातार बेहतर हो रहा है और आज सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी भी हर क्षेत्र में निजी स्कूलों को कड़ी टक्कर दे रहे हैं। परिणाम को लेकर अनहद भी बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों को लेकर भ्रम फैलाया जाता है। सरकारी स्कूलों में निजी स्कूलों के मुकाबले ज्यादा अवसर मिलते हैं। अनहद ने इस मौके पर अपने शिक्षकों व परिवार का भी धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि अनहद कौर ने बच्चों के लिए नई मिशाल दी है।

---

# बकरीद त्याग, बलिदान और इंसानियत का त्योहार : इमाम

- मस्जिदों में मुस्लिम समाज ने अमन-चैन की मांगी दुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा



ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व आसपास के क्षेत्रों में धार्मिक श्रद्धा, भाईचारे और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज अदा करने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने अल्लाह की इबादत कर अमन, शांति और खुशहाली की दुआ मांगी तथा एक-दूसरे को गले लगाकर बकरीद की मुबारकबाद दी। गांव तंदवाल, मुलाना, सिरसगढ़, जलूबी और अन्य क्षेत्रों में भी मुस्लिम समुदाय के लोगों ने विशेष नमाज अदा की। नमाज के दौरान देश में भाईचारे, आपसी सौहार्द और तरक्की की दुआ की गई। मस्जिदों के बाहर सुबह से ही रौनक देखने को मिली और बच्चों में भी त्योहार को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। बच्चों ने दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ त्योहार की खुशियां साझा कीं। गांव तंदवाल के इमाम ने बताया कि बकरीद त्याग, बलिदान और इंसानियत का पर्व है। यह त्योहार हमें जरूरतमंदों की मदद करने और समाज में प्रेम व भाईचारे की भावना को मजबूत करने की सीख देता है।

### प्राइवेट कंप्यूटर सेंटर के छात्रों और स्टाफ ने बुझाई राहगीरों की प्यास

**बराड़ा।** आरसीसी कंप्यूटर सेंटर की ओर से राहगीरों के लिए ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई। इस सेवा कार्य में सेंटर के स्टाफ और विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और राह चलते लोगों की प्यास बुझाकर मानवता का संदेश दिया। गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए सेंटर परिसर के बाहर विशेष रूप से ठंडे और मीठे पानी की व्यवस्था की गई थी। सुबह से ही सेंटर के छात्र-छात्राएं और स्टाफ सदस्य सेवा कार्य में जुट गए। राहगीरों, रिक्शा चालकों, मजदूरों, दुकानदारों और बाजार से गुजरने वाले लोगों को प्रेमपूर्वक ठंडा पानी पिलाया गया। भीषण गर्मी में अचानक मिली इस राहत से लोगों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने इस नेक पहल की सराहना की। इस मौके पर सेंटर संचालक गुरदेव सिंह ने कहा कि समाज सेवा केवल बड़े आयोजनों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि छोटी-छोटी कोशिशें भी लोगों को राहत पहुंचाने का काम करती हैं। उन्होंने कहा कि गर्मियों में राहगीरों को ठंडा पानी उपलब्ध करवाना सबसे बड़ी सेवा मानी जाती है और इसी भावना के साथ यह छबील लगाई गई है।

# शहर की बादशाही मस्जिद में मनाई ईद, अमन-शांति के लिए मांगी दुआएं

- रब की मोहब्बत में अजीज चीज की कुर्बानी के लिए रहना चाहिए तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। बकरीद के मौके पर मौजूद मुस्लिम समाज के लोग। फोटो : हरिभूमि

अंबाला शहर के रणजीत नगर स्थित बादशाही बाग मस्जिद में ईद- उल-जुहा (बकरीद) का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर ईद की नमाज हाफिज व कारी मौलाना मोहम्मद मुबस्थिर रजा ने पढ़ाई और बड़ी तादाद में एकत्र हुए मुस्लिम समाज के लोगों ने अमन और शांति की दुआ की। मौलाना मोहम्मद मुबस्थिर रजा ने कहा कि हमें सभी धर्मों का सम्मान करना चाहिए, किसी की भी धार्मिक भावना को आहत नहीं करना चाहिए। रजा-ए-मुस्तफा वेलफेयर सोसायटी के प्रधान मोहम्मद मेराज आलम ने बताया कि ईद दो पैगंबरों इस्माइल व इब्राहिम की बेमिसाल कुबार्नी की याद में मनाई जाती है। ईद पर गरीबों व जरूरतमंदों का ख्याल रखना इस्लाम ही नहीं बल्कि इंसानियत का अव्वल फर्ज है । मेराज आलम ने कहा कि इस महीने में दुनिया भर के मुस्लिम समुदाय के लोग हज यात्रा में जाते हैं।

---



### 10वीं व 12वीं के 154 मेधावियों को मिला सम्मान

**शहजादपुर।** प्रदेश सरकार के उपक्रम हारट्रॉन एडवांस्ड स्किल सेंटर द्वारा "सम्मान समारोह – 2026" का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र के उन मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करना था जिन्होंने कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय, अभिभावकों एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। इस अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों से कुल 154 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों को मोमेंटो एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर उनकी मेहनत, लगन एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की गई। कार्यक्रम में कोऑर्डिनेटर मुकेश बजाजने विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र एवं सम्मान पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, निरंतर मेहनत एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

# जीवन में शौक बनकर आता है नशा फिर शोक में हो जाता तब्दील : वर्मा

- कार्यक्रम में 56 चालक प्रशिक्षुओं, 5 चालकों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। नशे के खिलाफ शपथ लेते प्रशिक्षु चालक व अन्य कर्मचारी।

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की ओर से अंबाला शहर के चालक प्रशिक्षण संस्थान में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय 112 वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा संस्थान में पहुंचे। चालक प्रशिक्षण संस्थान के प्रभारी संदीप कुमार एवं अन्य कर्मियों की उपस्थिति में यह जागरूकता कार्यक्रम हुआ जिसमें 56 चालक प्रशिक्षुओं, 5 चालकों और 10 से अधिक अन्य कर्मियों ने भाग लिया। वर्मा ने बताया कि प्रतिबंधित नशे मनुष्य के जीवन को भीतर तक निष्क्रिय कर रहे हैं। नशा मनुष्य के जीवन में शौक बनकर आता है। उसके जीवन का अंत शोक में परिवर्तित हो जाता है। उन्होंने बताया कि यदि नशा अच्छा होता तो सबसे पहले माँ अपने बच्चे को नशा करने के लिए देती।



### पूर्व पीएम नेहरू को दी कांग्रेसियों ने श्रद्धांजलि

**शहजादपुर।** कांग्रेस संगठन महासचिव दीपक राणा ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से कांग्रेस ग्रामीण जिला अध्यक्ष दुष्यंत चौहान और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर पंडित नेहरू को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कांग्रेस ग्रामीण जिला अध्यक्ष दुष्यंत चौहान ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने देश की आजादी के आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के साथ-साथ स्वतंत्र भारत की मजबूत नींव रखने का कार्य किया। उन्होंने देश को लोकतंत्र, वैज्ञानिक सोच, शिक्षा और विकास की दिशा में आगे बढ़ाने का काम किया, जिसे देश हमेशा याद रखेगा। उन्होंने कहा कि पंडित नेहरू का जीवन देश सेवा, भाईचारे और प्रगतिशील सोच का प्रतीक था। आज आवश्यकता है कि हम उनके बताए मार्ग पर चलकर देश की एकता और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करें।

---

### थार में सवार होकर आए चोर, सेक्टर 9 में घर के बाहर खड़ी इनोवा क्रिस्टा चोरी कर फरार

**अंबाला।** शहर के सेक्टर-9 में चोरों ने एक कोठी के बाहर खड़ी सफेद रंग की इनोवा क्रिस्टा गाड़ी चोरी कर ली। वारदात पड़ोस में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। यादविंद्र सिंह ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपनी इनोवा क्रिस्टा गाड़ी को हमेशा की तरह 26 मई की रात करीब 9 बजे घर के बाहर खड़ी की थी। अगली सुबह जब वे उठे तो गाड़ी गायब थी। जब उन्होंने पड़ोसी के घर का सीसीटीवी फुटेज खंगाला तो रात करीब 3:38 बजे एक थार गाड़ी आकर रुकती है। उसमें से कुछ लड़के उतरते हैं और इनोवा गाड़ी की बाईं तरफ की अगली खिड़की का शीशा तोड़कर उसे चोरी कर ले जाते हैं। शिकायतकर्ता ने बताया कि गाड़ी के जरूरी कागजात भी अंदर ही रखे हुए थे। हालांकि सुबह चोरी हुई इनोवा जग्गी सिटी सेंटर के पास लावारिस हालत में मिल गई। जांच अधिकारी ने बताया कि पीड़ित की दरखास्त के आधार पर चोरी की धारा 305 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### सर्वसम्मति से कपिल मलिक प्रधान मनोनित

**जींद।** अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ हरियाणा की बैठक सफीदों डिवीजन के मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता प्रधान संजय सैनी ने की। जबकि मंच का कुशल संचालन डिवीजन सचिव ललित वर्मा द्वारा किया गया। बैठक में विशेष रूप से प्रदेश कार्यकारिणी से सचिव लोकेश, जिला जींद के अध्यक्ष मोती मोर मौजूद रहे। इस बैठक का उद्देश्य सफीदों सब अर्बन की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से चयन करना रहा। बैठक में सर्वसम्मति से प्रधान कपिल मलिक, उप प्रधान विजेंद्र, सचिव राजवीर सिंह, सहसचिव अनिल निम्नाबाद, कैशियर मनीष लॉरेंस, संगठन कर्ताराजेंद्र को मनोनित किया गया।

### गरीब व जरूरतमंद लोगों की सेवा करने का भी लिया संकल्प

# इंसानियत व मोहब्बत का संदेश देता है ईद-उल-अज़हा

साई तवक्कल शाह, मस्जिद लक्खी शाह, मस्जिद मक्का, मस्जिद मदीना में अदा की नमाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। बकरीद का त्यौहार मनाते मुस्लिम समाज के लोग।

ईद-उल-अज़हा (बकरीद) का त्योहार बड़े उल्लास के साथ मनाया गया। शहर की सभी प्रमुख मस्जिदों हजऱत साई तवक्कल शाह (जामा मस्जिद), मस्ज़दि लक्खी शाह, मस्जिद मक्का, मस्जिद मदीना, मस्जिद बादशाही बाग, मस्जिद नसीर-उल-ओलिया, मस्जिद उस्मानी, मस्जिद ईदगाह में नमाज अदा की गई। मस्जिदों में मुल्क में अमन व चैन के लिए भी दुआ की गई। नमाज अदा करने के बाद अंजुमन इस्लाहुल मुस्लिमीन सोसायटी के जिला सदर सैयद अहमद खान ने सभी प्रदेश वासियों को ईद-उल-अज़हा (बकरीद) की मुबारकबाद दी। इस याद को ताजा करने के लिए यह त्योहार हजरत इब्राहिम के जरिए अपने लडके बेटे हज़रत इस्माईल की अल्लाह की राह मे कुर्बानी देने की याद में मनाया जाता है जिसका जिक्र मुकददस कुरान में है। तर्क और कुर्बानी की इसी मिसाल की याद में तमाम दुनिया के मुस्लमान मक्का मुकर्रमा में हाजिर होकर हज का फरीजा अदा करते हैं। हमें अपने त्योहारों से प्रेम का संदेश प्राप्त करना चाहिए।

#### हजरत इब्राहिम अल्लाह तआला के सच्चे पैगंबर

खान ने कहा कि हजरत इब्राहिम अल्लाह तआला के बड़े सच्चे पक्के पैगंबर हैं। लेकिन हजरत इब्राहिम के पास कोई औलाद नहीं थी। हजरत इब्राहिम ने अल्लाह तआला से दुआ की कि मुझे नेक औलाद अता फरमा। अल्लाह तआला ने अपने पैगंबर की इस दुआ को कबूल फरमाया और नेक औलाद अता फरमाई। यानि अल्लाह तआला ने हजरत इब्राहिम को हजरत इस्माईल अता फरमाए। जब हज़रत इस्माइल जवान हो गए तो वह अपने अब्बा (पिता) के साथ काम काज में हाथ बटाने लगे। हज़रत इब्राहिम ने खवाब (सपना) देखा कि अल्लाहा तआला ने फरमाया कि ऐ इब्राहिम हमारे रास्ते में वो चीज कुरबान करो जो तुमहे सबसे ज्यादा प्यारी हो। जब हज़रत इस्माइल को कुर्बान करना शुरू किया तो फरिश्तों के सरदार जिब्रील अमीन ने हजरत इब्राहिम के बेटे को हटाकर उस छुरी के नीचे मैमने (बकरा) के जिबह होने के साथ पहली कुर्बानी हुई।